DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

जल्द अग्रणी राज्यों में शामिल होगा उत्तराखंड

- समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट कमेटी में बतौर सदस्य शामिल हैं प्रो. सुरेखा, दून विवि में किया गया अभिनंदन
- प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के दौरान उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को जाना
- समान नागरिक संहिता में कुलपति की भागीदारी को बताया गया विवि के साथ राज्य को गौरवान्वित करने वाला क्षण

समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट कमेटी की सदस्य दून विवि की कुलपति प्रो . सुरेखा डंगवाल का अभिनंदन करते कुलसचिव डा .एमएस मदरवाल,पर्यावरण विभाग के डीन प्रो .एसएस सुथार, स्कूल आफ मैनेजमेंट के संकाय अध्यक्ष प्रो . एचसी पुरोहित आदि • विवि

जागरण संवाददाता, देहरादून : समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने वाली कमेटी की सदस्य व दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा कि पिछले 20 माह के कार्यकाल के दौरान उन्हें समाज के प्रत्येक वर्ग से मिलने और जुड़ने का अवसर मिला है। प्रो. डंगवाल ने कहा कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। शीघ्र उत्तराखंड देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में सम्मिलित होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। उत्तराखंड ने बहुत अल्प अवधि में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। दून विवि राज्य का उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान है, इसे और बेहतर बनाने के लिए शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी मिलकर कार्य कर रहे हैं और इसका परिणाम यह है कि दून विवि राज्य की जन–आकांक्षाओं के अनुरूप एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के रूप में स्थापित हो रहा है।

समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपने के बाद शनिवार को दून विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल का अभिनंदन किया गया। पर्यावरण विभाग के डीन प्रो. एसएस सुथार ने कहा कि राज्य सरकार ने समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट कमेटी में बतौर सदस्य कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल को चुना है, यह उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि एवं शिक्षा जगत के लिए उनके कई दशकों के त्याग एवं तपस्या को प्रदर्शित करता है।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं स्कूल आफ मैनेजमेंट के संकाय अध्यक्ष प्रो.एचसी पुरोहित ने कहा की कुलपति के नेतृत्व में दून विवि उच्च शिक्षा, शोध एवं प्रसार के सभी आयामों में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। समान नागरिक संहिता ड्राफ्ट समिति में कुलपति की भागीदारी विवि के साथ राज्य को गौरवान्वित करने वाला क्षण है। समारोह में कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंदरवाल, उप–कुलसचिव नरेंद्र लाल, डा. चेतना पोखरियाल, प्रो. गजेंद्र सिंह, डा. सविता कर्नाटक, डा. राजेश भट्ट, डा. राजीव कुमार, डा. अंचलेश, डा. हिमानी शर्मा, डा. उज्ज्वल कुमार, डा. स्वाति बिष्ट, डा. माला शिखा, प्रो. आशीष कुमार, डा. सुधांशु जोशी, अभिनव जोशी आदि शामिल रहे।

News paper – Dainik Jagran
Date – 4.02.2024